600 का पंजीयन

कॉलेज में ऑनलाइन निशुल्क पढ़ाई

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

बांसवाड़ा. आईआईटी बोम्बे व मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से प्रदेश के राजकीय महाविद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों को निशुल्क ऑनलाइन कोर्स के तहत गोविन्द गुरु राजकीय महाविद्यालय से 600 विद्यार्थियो का पंजीयन किया गया है। इस निशुल्क पाठ्यक्रम में पंजीकृत इन विद्यार्थियों को चयनित कोर्स अनुसार उन्हें स्टेडी मटेरियल आईआईटी की ओर से ऑललाइन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद परीक्षा और प्रमाण पत्र भी जारी किए जाएंगे। इसके लिए महाविद्यालय ने भी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया है और आईआईटी से प्राप्त स्टेडी मटेरियल के अनुसार प्रारंभिक कक्षाएं शुरू कर दी गई है। साथ ही आईआईटी मुम्बई की ओर से जयुपर में 25 जनवरी को इस पर विस्तृत चर्चा कर समाधान के प्रयास किए जाएंगे। आयुक्तालय से जारी आदेश में प्रदेश के 33 महाविद्यालयो के नोडल अधिकारी इसमें शामिल होंगे।

23 को सेमिनार होगा

गोवन्दि गुरु कॉलेज के व्याख्याता व नोडल अधिकारी राजेश जोशी ने बताया कि विद्यार्थियों का पंजीयन कर ईमेल आईआईटी को प्रेषित कर दिए गए हैं। कॉलेज में साफ्टवेयर डाउनलोड किए हैं, जिसके जरिए जानकारी दी जा रही है। 23 जनवरी को कॉलेज में सेमिनार कर इस विषयवार कोर्स की जानकारी दी जाएगी।